दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### रोजगार मेला से पूर्व जिले के तकनीकी योग्यताधारी आवेदकों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 28 एवं 29 मार्च

**रायगढ़।** जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा आगामी 04 अप्रैल 2023 को शा. हाई स्कूल मैदान, तमनार में रोजगार मेला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। रायगढ़ जिले के समस्त आई.टी.आई, किरोड़ीमल शा.पॉलिटेक्निक एवं के.आई.टी.इंजीनियरिंग कॉलेज से उत्तीर्ण योग्यताधारी आवेदकों की अधिकाधिक संख्या में भाग लेने हेतु शा.आई.टी.आई. रायगढ़ में 28 एवं 29 मार्च 2023 को प्रात: 10 बजे से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। रायगढ़ जिले के उक्त संस्थानों से उत्तीर्ण योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ कार्यशाला में अनिवार्यत: उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी हेतु शा.आई.टी.आई. रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### बच्चों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करें: राज्यपाल

**राज्य बाल कल्याण परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य योजना बाल कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष चंद्रेश शाह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की और बाल विकास परिषद के उद्देश्य एवं कार्यो के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने बाल कल्याण परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने इसी प्रकार बच्चों के कल्याण के लिए कार्य करते रहने को कहा क्योंकि बच्चे ही देश का भविष्य है । बाल कल्याण परिषद के सचिव ने बताया कि रायपुर में स्पीच थेरपी केंद्र 2 वर्ष से संचालित है जहां कम शुल्क पर मूक बधिर बच्चों का उपचार किया जाता है। इसके अलावा परिषद द्वारा 4 बाल गृह संचालित हैं जिसमें 2 बालिका और 2 बालक गृह शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ. अशोक त्रिपाठी, इंदिरा जैन, प्रकाश अग्रवाल, राजेन्द्र निगम, प्रभा सेन्द्रे, संगीता जग्गी, श्वेता सिंह, मणी शर्मा, पूजा मिसालवार भी उपस्थित थे।

### वनोपज सहकारी समिति के अध्यक्ष की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के कोईलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम केसेकोड़ी बड़पारा निवासी प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति ढूंढा के अध्यक्ष सोनसाय दुग्गा उम्र 62 वर्ष को बीती रात अज्ञात व्यक्ति ने डंडे से पीट-पीटकर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने घायल सोनसाय दुग्गा को इलाज हेतु कोयलीबेड़ा के अस्पताल में भर्ती किया गया किन्तु स्थिति गंभीर होने के कारण उसे भानुप्रतापपुर अस्पताल लाया जा रहा था, जहां आज 25 मार्च को केवटी के पास उसने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी रमुला बाई ने मारने वाले आरोपी को देख है, वहीं आरोपी का मोबाइल घटना स्थल पर पाया गया है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर इस घटना की जांच कर रही है।

### डबल मर्डर मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा (आरएनएस)।** जिले के देवकर पुलिस चौकी इलाके के डेहरी रोड के पास एक फार्म हाउस के सामने दो लोगों की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बचेड़ी निवासी विनोद यादव और सुरेश धुर्वे शुक्रवार देर रात देवकर से अपने गांव जा रहे थे इसी दौरान देवकर चौकी इलाके के डेहरी रोड पर एक फ ार्म हाउस के पास पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में घात लगाए बैठे गांव के आरोपी बद्री नाथ यादव ने रास्ता रोककर लाठी से दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले की सूचना मिलने पर देवकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी भिजवा दिया था आरोपी की पतासाजी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नशे मे महिला हॉस्टल में घूसकर मारपीट करने वाला इंस्पेक्टर निलंबित

रायपुर, 25 मार्च (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में एक निरीक्षक के द्वारा शराब के नशे में महिला हॉस्टल में घुसकर आदिवासी युवती से मारपीट करने का मामला सामने आया है। निरीक्षक पर महिला के साथ गाली-गलौज करने के साथ किडनैप करने की धमकी देने का भी आरोप है। वहीं मामले में एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने नशेड़ी निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। मामला देवेंद्र नगर थाने क्षेत्र का है जहां ट्रैफिक मुख्यालय रायपुर में पदस्थ निरीक्षक राकेश चौबे ने अंबिकापुर निवासी आदिवासी महिला से मारपीट की। निरीक्षक शराब के नशे में चूर था। ये पूरी वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है।

# सड़कों में गड्ढों और पॉटहोल को तत्काल भरने कलेक्टर ने दिए निर्देश

- दिन रात काम कर जल्द पूरी करें शहर में सड़कों की मरम्मत-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा
- कलेक्टर ने शहर में भ्रमण कर सड़क मरम्मत का लिया जायजा
- शहर में नगर निगम करवा रहा सड़कों का काम



**रायगढ़।** मैन पावर और मशीनरी बढ़ाकर सड़कों के मरम्मत की स्पीड बढ़ाइए और दिन रात काम कर शहर में सड़कों की मरम्मत जल्द पूरी करें। यह बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने शहर में सड़कों के मरम्मत कार्यों का जायजा लेने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सड़कों के गड्डे तत्काल भरवाएं और काम पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। कलेक्टर सिन्हा सड़कों के निर्माण की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पिछले दिनों लेट-लतीफी पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए काम करने वाले ठेकेदार को काम जल्द पूरा नही करने पर कार्यवाही की बात कही थी। जिसके बाद काम में तेजी आई।

कलेक्टर सिन्हा आज नगर निगम रायगढ़ क्षेत्र में चल रहे सड़कों के निरीक्षण किया। कलेक्टर सिन्हा ने चक्रधर नगर से बोईरदादर तक चल रहे कार्य का जायजा लिया। उन्होंने ठेकेदार से काम के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि काम लगातार जारी है। कलेक्टर सिन्हा ठेकेदार से मैन पावर और रॉ-मैटेरियल का लोड बढ़ाकर काम की स्पीड बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि शहर में काम हो रहा है तो ट्रैफिक का दबाव भी होगा। इसका विशेष ध्यान रखते हुए ट्रैफिक को व्यवस्थित कर काम जल्द पूरा करवाएं। कलेक्टर सिन्हा ने इसके साथ ही बेलादुला मार्ग का निरीक्षण किया तथा यहां भी कार्य जल्द पूरा करने के लिए कहा। नगर निगम के कार्यपालन अभियंता ए.एन.उपाध्याय भी इस दौरान साथ रहे।

**तत्काल भरवाएं गड्डे और पॉटहोल**

कलेक्टर सिन्हा ने सड़कों में गड्ढों को लेकर विशेष हिदायत देते हुए अधिकारियों से कहा कि सड़कों में गड्ढे तत्काल भरवाएं। इसके साथ ही उन्होंने सभी पॉटहोल को भी भरने के निर्देश दिए।

**नगर निगम करवा रहा सड़कों का काम, चक्रधर नगर से बोईरदादर तक हो रही मरम्मत-** ईई उपाध्याय ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में 17 सड़कों का काम करवाया जा रहा है। जिसमें से 11 सड़कों का काम लगभग पूरा किया जा चुका है। बाकी सड़कों पर काम किया जा रहा है। इसमें चक्रधर नगर चौक और बोईरदादर तक लगभग 2.5 कि.मी.सड़क की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने ठेकेदार को इस सड़क का काम जल्द पूरा करने के लिए कहा है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह से खुशियों का नजारा मिला : कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिला प्रशासन के सहयोग से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज सारंगढ़ में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े, कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया था। इस समारोह में सारंगढ़ और बरमकेला से कुल 120 जोड़े विवाह बंधन में बंधे।

कार्यक्रम में विधायक उत्तरी जांगड़े ने वर-वधुओं को विवाह की शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि यह बहुत खुशी की बात है आप वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को उनके मानदेय पर बढ़ोत्तरी के लिए और सारंगढ़-बिलाईगढ़ नया जिला बनने पर सभी जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने वर-वधुओं और परिजनों को बधाई और बहुत-बहुत शुभकामना दी है। उन्होंने कहा कि यह विवाहोत्सव से हमें खुशियों का नजारा मिला है। राज्य शासन द्वारा वर्तमान में 25 हजार रूपए की सहायता राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार आगामी अप्रैल माह से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना यह सहयोग राशि बढ़कर वर-वधुओं को 50 हजार मिलेगी। इस कार्यक्रम के अतिथियों में छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के सदस्य पुरूषोत्तम साहू, अरूण मालाकार, मंजू मालाकार, विलास सारथी, तारा अरूण शर्मा, तुलसी वसंत, सोनी बंजारे, सीता पटेल, संजय दुबे, विष्णु चन्द्रा, गोल्डी नायक, पुष्पराज बरिहा सहित वर-वधुओं के परिजनों बड़ी संख्या में उपस्थित थे। नवरात्रि के अवसर पर यह एक ऐसा नजारा था जहां सभी महिला अतिथिगण नवदुर्गा स्वरूप वर-वधुओं को आशीर्वाद दे रही थी।

## 'हमर सियान' कार्यक्रम में वृद्धजनों का सम्मान



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन पर आज दिनांक 25.03.2023 को स्थानीय असेल बेबी लैंड स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सीनियर सिटीजन सेल द्वारा उपस्थित स्कूली बच्चों व उनके पालकों के मानस पटल पर वृद्धजनों के सम्मान के प्रति समर्पण की भावना लाने के उद्देश्य से नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिनव उपाध्याय द्वारा वृद्धजनों का सम्मान किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को उनके पालकों को बताये कि हमें हमारे बुजुर्गों का ध्यान रखना चाहिए यह हम सब की निजी जिम्मेदारी है। राज्य शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भी वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण की दिशा में कई कार्य किए जा रहे हैं जिसमें से एक छत्तीसगढ़ पुलिस की हमर सियान योजना है जिसके तहत एकांकी जीवन एवं उपेक्षित वृद्धजनों की सम्मान और सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है, इस कार्य में "हेल्पएज इंडिया संस्था" भी साथ है। सीएसपी रायगढ़ के द्वारा कार्यक्रम में बच्चों व उनके पालकों को बताया गया कि उनके आसपास वृद्ध है जिन्हें देखभाल और उचित सुरक्षा सहायता की आवश्यकता है तो "हेल्पएज इंडिया द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1253, नेशनल हेल्पलाइन नंबर 145677, सियान हेल्पलाइन नंबर 9479191536 पर कॉल कर सूचना दिया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित "आशियाना समर्पण एक आस" की डायरेक्टर अर्चना लाल के द्वारा उनके आशियाना आश्रम में ऐसे वृद्धजनों को आश्रय दिये जाने की जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों उनके पालकों के साथ नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, सीनियर सिटीजन सेल के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक संदीप गायकवाडआरक्षक प्रभात कुमार प्रधान असेल बेबी लैंड स्कूल के डायरेक्टर अजय कुमार वर्मा, कराटे इंटरनेशनल कोच क्रांति मानिकपुरी उपस्थित थे कार्यक्रम में SEL डिफेंस स्कूल रायगढ़ का विशेष योगदान रहा।

## मोटरसाइकिल पर गांजा तस्करी कर रहे दो नाबालिकों से 6 किलो गांजा बरामद, लैलूंगा पुलिस की कार्यवाही



**रायगढ़।** उड़ीसा से लैलूंगा के रास्ते गांजा पार करने की तस्करों की योजना लगातार रायगढ़ पुलिस विफल कर रही है। उड़ीसा से सटे जिले के सीमावर्ती थाना प्रभारियों को एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा गांजा तस्करों पर विशेष निगाह रखने के निर्देश दिये गये हैं जिसमें लैलूंगा पुलिस को एक और दफा सफलता हाथ लगी है।

जानकारी के मुताबिक कल शाम थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक आर. एस. तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लड़के बिना नंबर अपाचे मोटरसाइकिल में अपने बैग में गांजा लेकर लैलूंगा-जशपुर की ओर जा रहे हैं। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर थाने के विवेचकों को गांजा तस्करों के आने वाले संभावित मार्गो में नाकेबंदी कराया गया। ग्राम बीरसिंघा आम रोड तिराहा पर सहायक उपनिरीक्षक टी.आर. खुंटिया के नेतृत्व वाली नाकेबंदी टीम द्वारा मोटरसाइकिल अपाचे बिना नंबर में गांजा तस्करी कर रहे दो लड़कों को पकड़ा गया जिन्हें कार्यवाही की जानकारी देकर उनके बैग की तलाशी लेने पर 6 पैकेट गांजा वजन करीब 6 किलो बरामद हुआ। गांजा तस्करी करते पकड़े गए दोनों किशोर बालक जिला जशपुर के रहने वाले हैं जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाने लाया गया। दोनों विधि के साथ संघर्षरत बालकों से 6 Kg अवैध गांजा कीमत करीब रु.60000 और अपाचे बाइक विधिवत जप्त कर थाना लैलूंगा में 20(B) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही किया गया है।

गांजे की अवैध तस्करी को रोकने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर लैलूंगा पुलिस ने इस महीने तीन गांजा रेड की कार्यवाही में 5 आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। गांजा रेड की कार्यवाही में थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक टी.आर. खुंटिया, आरक्षक हेलारियुस तिर्की, प्रमोद कुमार भगत और सुमित एक्का की अहम भूमिका रही है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवनिर्मित ग्रामीण औद्योगिक पार्क का किया वर्चुअल लोकार्पण : जिले के 14 मल्टी एक्टिविटी सेंटर भी हुए लोकार्पित

- रीपा गौठान से ग्रामीण उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा-जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल
- मल्टी एक्टिविटी के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं बनेंगी उद्यमी-कलेक्टर सिन्हा



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' कार्यक्रम में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत ग्रामीण युवाओं एवं महिला समूहों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों में नवनिर्मित मल्टीएक्टिविटी सेंटरों का लोकार्पण किया। जिसमें रायगढ़ जिले के ग्राम तरडा गौठान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने वर्चुअल माध्यम से रायगढ़ जिले के 14 मल्टीएक्टिविटी केन्द्रों का भी लोकार्पण किया। जिसमें पश्चिम पण्डरीपानी, डोंगीतराई, मिलूपारा, तमनार, बैहामुड़ा, ढोरम, सूपा, तरडा, भूपदेवपुर एवं बोतल्दा, कोड़ासिया, मूकडेगा, बरतापाली, दुर्गापुर शामिल है। जिनमें पैकेजिंग, फैब्रिकेशन, मुर्रा मिल, प्रोसेसिंग यूनिट, ईट निर्माण, हैण्डलूम, दोना-पत्तल, पेवर ब्लाक जैसे विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जाएगी।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए जिला अध्यक्ष निराकार पटेल ने तरडा गांव के सभी ग्रामीणों एवं समूह की महिलाओं को रीपा गोठान के उद्घाटन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश भर में रीपा-गोठानों का निर्माण किया जा रहा है। गोठान में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित होगी और निश्चित तौर पर महिलाएं आगे बढ़ेगी। इससे तरड़ा गांव के साथ-साथ विकासखंड का नाम रोशन होगा।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि रीपा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आजीविका संवर्धन करना है, जिसके तहत गोधन न्याय योजना प्रारंभ किया गया था। जिसके माध्यम से ग्रामीण महिलाएं समूह के माध्यम से वर्मी कंपोस्ट निर्माण कर आय अर्जित कर रही है। इसी क्रम में आज मुख्यमंत्री बघेल द्वारा रीपा गौठान का उद्घाटन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक विकास होगा और वहां की महिलाएं उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बनायेगी। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि रीपा गौठान में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां प्रस्तावित है, इससे निश्चित तौर महिलाओं को फायदा मिलेगा।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने कहा कि गौठान में बेकरी यूनिट, फेब्रिकेशन यूनिट, संबलपुरी वस्त्रालय, पेपर कप यूनिट, मशरूम उत्पादन, वीडियोग्राफी, सीएससी सेंटर, ग्रीन दोना पत्तल यूनिट संचालित की जाएगी। उद्यमियों को रीपा गौठानों में बिजली, पानी, सड़क जैसी सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण उद्यमिता के साथ लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशील भोय, उपाध्यक्ष गोपी चौधरी, जनपद सदस्य खीरसागर पाइक, सरपंच मायावती पटेल, अध्यक्ष गोठान समिति रूपलाल पटेल, वीरेन्द्र भोय, भुनेश्वर साव, आशीष गुप्ता, सीईओ जनपद महेश पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोविड संक्रमित मरीजों की जांची गई ट्रेवल हिस्ट्री

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले में आरटीपीसीआर टेस्ट के बाद 4 कोविड पॉजिटिव मरीज मिलने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. जे.पी. मेश्राम के निर्देशानुसार जिला नोडल अधिकारी, आईडीएसपी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे तथा जिला एपिडेमोलॉजिस्ट रितीका सोनवानी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा संक्रमित मरीजों के क्षेत्र में 25 मार्च को सर्वे किया गया। कोविड के मरीजों की जानकारी ली गयी जिसमें 20 से 70 वर्ष के तीन महिला एवं एक पुरूष है सभी मरीज दुर्ग जिले के अलग-अलग क्षेत्र के निवासी है जैसे मीलपारा, सेक्टर-10 भिलाई, ननक_ी एवं बोरसीभाठा के हैं जिनमें से 1 की ट्रेवल हिस्ट्री दिल्ली की है व अन्य 3 व्यक्तियों की कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है जिसमें ट्रेवल हिस्ट्री वाले में कोविड संबंधी लक्षण है व अन्य 3 व्यक्तियों में नहीं है। उक्त व्यक्तियों में बोरसीभाठा, ननक_ी एवं मीलपारा निवासी 24 मार्च द्वारा जाँच कराया गया था जिसमें आरटीपीसीआर पॉजिटिव आये। वर्तमान में उक्त तीनों मरीज होम आईसोलेशन में घर पर ही चिकित्सकीय उपचार ले रहे है।

इनकी कोई भी ट्रेवल हिस्ट्री नहीं पायी गयी एवं कोविड टीकाकरण किया जा चुका है। कोविड संबंधी अन्य लक्षण नहीं है। एक पॉजिटिव व्यक्ति सेक्टर-10 भिलाई निवासी की जाँच सर्दी, खाँसी की तकलीफ की वजह से करायी गयी। इनका दिल्ली की ट्रेवल हिस्ट्री है। वे पिछले सात दिवस के पहले भिलाई पहुँचे। वर्तमान में होम आईसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

## व्यावसायिक संस्थानों के आसपास के अवैध कब्जे को शीघ्र हटाए निगम -कलेक्टर सिन्हा

- कलेक्टर सिन्हा ने अतिक्रमण रोकने स्थाई व्यवस्था एवं साफ -सफाई के दिए निर्देश
- व्यापारी संघ ने यूजर चार्ज के लिए जताई सहमति





रायगढ़। कलेक्टर सिन्हा ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के संवर्धन हेतु बैठक ली। जिसमें शहर के व्यापारी उपस्थित रहे। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को व्यापार में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित उद्योगों के संवर्धन हेतु बैठक में व्यापारियो ने बैंक ऋण, श्रम, पर्यावरण, हेल्थ सुरक्षा, डायवर्सन,नगर निगम जैसे शासकीय विभागों से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया, जिसका निराकरण किया गया। मौके पर कलेक्टर सिन्हा ने औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मूलभूत समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की। जिसका निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि व्यापारियों द्वारा शहर के विकास में कार्य किया जा रहा है अत: उन्हें आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान व्यापारियों ने अतिक्रमण से संबंधित समस्याएं रखी। कलेक्टर सिन्हा ने निगम को निर्देशित किया कि दुकानों के आसपास के अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को व्यापार में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेश शर्मा द्वारा व्यवसायिक संस्थानों के आसपास साफ.-सफाई को लेकर शिकायत की, कलेक्टर सिन्हा ने निगम को नियमित साफ -सफाई हेतु निर्देशित किया। जिसके पश्चात व्यापारी संघ ने भी यूजर चार्ज देने के लिए सहमति जताई। सिन्हा को संघ द्वारा बताया गया कि नक्शा से संबंधित समस्याएं हैं जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को निर्देशित किया कि व्यापारियो के मांग अनुसार नियत नक्शा उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनका कार्य आसानी से हो सके। कलेक्टर सिन्हा ने बैंक ऋण से संबंधित समस्याओं के लिए लीड बैंक अधिकारी को भी निर्देशित किया कि संबंधित बैंक से समन्वय कर व्यापारियों के ऋण संबंधी समस्याओं का निराकरण करें।

**स्थानीय युवाओं को मिले रोजगार**

कलेक्टर सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 4 अप्रैल को तमनार में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए टोल फ्री नंबर 9399983879 जारी किया गया है। जिसमें लगभग 1000 से अधिक पदों पर स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जाएगा। कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में व्यापारियों को अपने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों में रिक्त पदों पर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने हेतु कहा। जिस पर व्यापारी संघ ने स्थानीय युवाओं को रोजगार देने पर सहमति जतायी।

**जिले में अभियान के तहत किया जाएगा वृहद वृक्षारोपण-** बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने व्यापारी संघ को बताया कि जल एवं वन बचाना अति महत्वपूर्ण है। जिले में विभिन्न क्षेत्रों में जल की समस्या देखने को मिल रही है, यही कारण है कि उद्योगों के माध्यम से जिले में जल संरक्षण की दिशा में तालाब गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिससे भू-जल स्तर में वृध्दि हो सके। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार आगामी जून जुलाई माह में आमजनों के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा नदी तट एवं खाली भूमि पर वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने व्यापारी संघ को इस कार्य में सहयोग का आग्रह किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480